RBSEonline.com

कुल छपे पृष्ठों की संख्या - 4
कुल छपे प्रश्नों की संख्या - 20

A-1-

नामांक | | | |

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2017-2018

## कक्षा—IX (नवमीं)

## विषय—हिन्दी

समय : 3¼ घंटे  पूर्णांक : 100

निर्देश : (1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
(2) विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न-पत्र पर अनिवार्यतः लिखें।
(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
(4) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित है।

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कर्त्तव्य-पालन और सत्यता में बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है, जो मनुष्य अपना कर्त्तव्य-पालन करता है वह अपने कार्यों और वचनों में सत्यता का भी बर्ताव रखता है। वह ठीक समय पर उचित रीति से अच्छे कार्यों को करता है। सत्यता ही एक ऐसी वस्तु है जिससे इस संसार में मनुष्य अपने कार्यों में सफलता पा सकता है इसलिए हम लोगों को अपने कार्यों में सत्यता को सबसे ऊँचा स्थान देना उचित है।

झूठ की उत्पत्ति पाप, कुटिलता और कायरता के कारण होती है, बहुत से लोग नीति और आवश्यकता के बहाने झूठ की बात करते है, वे कहते है इस समय बात को प्रकाशित न करना और दूसरी बात को बनाकर कहना नीति के अनुसार समयानुकूल और परमावश्यक है।

(1) गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखे। ½

(2) संसार में मनुष्य को सफलता दिलाने वाली वस्तु क्या है? ½

(3) मनुष्य को अपने कार्यों में किसे ऊँचा स्थान देना चाहिये? ½

(4) झूठ की उत्पत्ति के क्या कारण है? ½

(5) विलोम शब्द लिखे : झूठ, उचित, सत्यता ½

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सोचता हूँ, मैं कब गरजा था? जिसे लोग मेरा गर्जन समझते है,
वह असल में गाँधी का था,

कृ. पृ. उ.

RBSEonline.com
RBSEonline.com
RBSEonline.com

RBSEonline.com





उस गाँधी का था जिसने हमें जन्म दिया था।

तब भी हमने आँधी

तूफान को ही देखा था।

गाँधी को नहीं।

(वे तूफान और गर्जन के

पीछे बसते थे।)

सच तो यह है कि

(अपनी लीला में

तूफान और गर्जन को

शामिल होते देख वे हँसते थे।)

(1) प्रस्तुत पद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक बताइये। ½

(2) गाँधी जी के जीवन में किनका समन्वय बताया गया है? ½

(3) वे किसके पीछे बसते थे? ½

(4) गाँधी जी को किस बात में हंसी आती थी? ½

(5) प्रस्तुत पद्यांश में गाँधी जी ने क्या सन्देश दिया है? ½

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(1) पर्यावरण प्रदूषण के कारण एवं रोकने के उपाय

(2) जल संरक्षण

(3) नारी शिक्षा का महत्व

(4) स्वच्छ भारत अभियान

4. अपने मोहल्ले में व्याप्त गन्दगी के सम्बन्ध में नगर पालिका के अधिकारी को एक शिकायती पत्र लिखिये। 5

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए जिसमें शुल्क मुक्ति हेतु निवेदन किया जाना है।

RBSEonline.com

RBSEonline.com

RBSEonline.com

5. 'उप' उपसर्ग लगाकर चार शब्द बनाइये। 2

6. संज्ञा व सर्वनाम में भेद बताइये। 2

7. निम्न शब्दों में भाववाचक संज्ञा बनाइये : मित्र, भारत, लघु, हरा 2

8. विलोम शब्द लिखिए : पवित्र, मृत्यु, देशी, स्वर्ग 2

9. निम्न शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए :

(1) पृथ्वी (2) पानी 2

10. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए :

(1) कवियित्रि, कवयित्री, कवियत्री, कावियत्री

(2) भागीरथी, हस्ताक्षर, सदृश्य, हिरण

11. 'इक' तथा 'कार' प्रत्यय लगाकर दो-दो नये शब्द बनाइये। 3

12. निम्नलिखित में से किसी एक पर सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8

बुद्धि और विचार शक्ति हम लोगों की थोड़ी सहायता कर सकती है। वह हमको थोड़ी दूर अग्रसर करा देती है और वही ठहर जाती है। किन्तु हृदय के द्वारा ही महाशक्ति की प्रेरणा होती है। प्रेम असम्भव को सम्भव कर देता है।

अथवा

पहाड़ बनने से क्या होगा, राजमहल पर बोझ बन कर रह जाओगो, बोझ। और नदी बनो तो तुम्हारा बहता हुआ बोझ, पत्थर भी अपने सिर पर धारण करेगें, पत्थर भी। आनन्द और मंगल तुम्हारे किनारे होगें, जीवन का प्रवाह होगा, उमंगों की लहरें होगी, जो उठने में गीत गायेगी, गिरने से नाच नाचेंगी।

13. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या कीजिए : 8

मैंने हँसना सीखा है, मैं नहीं जानती रोना,
बसता करता पल पल पर, मेरे जीवन में सोना
मैं अब तक जान ना पाई, कैसी होती है पीड़ा,
हंस हंस जीवन में, कैसी करती क्रीड़ा।

अथवा

मैत्री की राह बताने को, सबको सुमार्ग पर लाने को,
दुर्योधन को समझाने को, भीषण विध्वंस बचाने को
भगवान हस्तिनापुर आये, पांडव का सन्देशा लाये।

RBSEonline.com

RBSEonline.com

RBSEonline.com



14. निबन्धात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'दीनो पर प्रेम' निबन्ध के माध्यम से लेखक मानव समाज को क्या सन्देश देना चाहता है? 5

**अथवा**

'राक्षस ताल' के निर्माण की कथा संक्षेप में लिखिए। 5

15. 'श्री राम केवट' के प्रसंग को अपने शब्दों में लिखे।

**अथवा**

'कृष्ण मिताई जोग' के आधार पर सुदामा-कृष्ण की मित्रता को विस्तार से समझाइये।

16. लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई तीन करे) : 9

(1) 'छोटा जादूगर' के किस गुण ने प्रभावित किया और क्यों?

(2) कर्ण से कवच कुण्डल दान में किसने मांगे थे और क्यों?

(3) रहीम दास जी ने सच्ची मित्रता की क्या विशेषता बताई है?

(4) "सुन्दर सृष्टि हमेशा बलिदान खोजती है" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

17. निम्न में से तीन प्रश्न करे : 9

(1) दीन दुर्बल का दिल दुखाना भगवान का मन्दिर ढहाना है। लेखक के उक्त विचारों की समीक्षा करे।

(2) 'मोको कहाँ ढूंढे बन्दे' पद में कबीर ने क्या सन्देश दिया है?

(3) 'मीरा' की भक्ति की विशेषताएँ बताइये।

(4) 'जसोदा हरि पालने झुलावै' पद में माता यशोदा की वात्सल्यता किस प्रकार व्यक्त हुई?

18. (1) 'नींव की ईंट' और कंगूरा किन लोगों के सूचक है? 2

(2) कबीर ने गुरु का क्या महत्व बताया है? 2

(3) कुंभ पर्व कहाँ कहाँ और कब पड़ते है? 2

(4) पेड़ और तालाब के माध्यम से हमें क्या सीख मिलती है? 2

19. (1) महर्षि दधीचि के माता-पिता का नाम क्या था? महर्षि दधीचि के जीवन के बारे में लिखे 4

(2) कवि सूर्यमल्ल मिश्रण का परिचय संक्षेप में दीजिए। 4

20. (1) सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण बताइये। रोकने के दो उपाय बताइये। 3

(2) सड़क पर चलने के नियम बताइये। 2

❑❑❑

RBSEonline.com

RBSEonline.com

RBSEonline.com